सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट-दिनांक 26.05.2025

- **इटावा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए त्रुटिवश अन्य खाते में ट्रांसफर हुए शिकायतकर्ता के 30,000/- रुपये शत-प्रतिशत वापस कराये गये।**
- **एसएसपी इटावा के निर्देशन में साइबर सेल टीम चौबिया द्वारा की गयी प्रभावी कार्यवाही।**

जनपद में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान किये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में साइबर सेल टीम चौबिया द्वारा तत्परता दिखाते हुए शिकायतकर्ता के त्रुटिवश अन्य खाते में ट्रांसफर हुए 30,000/- रुपये शत-प्रतिशत वापस कराये गये।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 18.02.2026 को **शिकायतकर्ता रघुराज सिंह पुत्र मलखान सिंह निवासी नगला दया थाना चौबिया जनपद इटावा साइबर सेल** पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि उनके द्वारा त्रुटिवश 30,000/- रुपये किसी अज्ञात व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हो गये थे। शिकायतकर्ता द्वारा संबंधित व्यक्ति से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु सम्पर्क स्थापित नहीं हो सका।

उपरोक्त प्रकरण में थानाध्यक्ष चौबिया के कुशल नेतृत्व में **साइबर सेल टीम चौबिया** द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन किये गये एवं बैंक अधिकारी/पेमेन्ट गेटवे के नोडल अधिकारी इत्यादि से वार्ता कर प्रार्थी के रुपये वापस कराने का प्रयास किया गया तथा प्रभावी कार्यवाही करते हुए **आज दिनांक 26.05.2026 को शिकायतकर्ता की सम्पूर्ण धनराशि रु0- 30,000/- वापस करायी गयी।**

अपने रुपये वापस पाकर शिकायतकर्ता द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इटावा पुलिस एवं एसएसपी इटावा का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

पुलिस टीम:- थानाध्यक्ष चौबिया श्री महेन्द्र सिंह, उ0नि0 मान सिंह, का0 अंकित कुमार, म0का0 सीमा गुप्ता।।

नोट- इटावा पुलिस द्वारा सभी से अपील की जाती है कि किसी भी प्रकार के ऑनलाइन लेन-देन करते समय खाते का विवरण सावधानीपूर्वक जांच लें तथा किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 अथवा www.cybercrime.gov.in या स्थानीय थाने पर शिकायत दर्ज करें।